| | | | 2. Anmol | 1221812002182 | Anmol |
| | | | 3. Sakshi | 1211812002562 | Sakshi |
| F1 0 | 13. | राजकीय महिला महाविद्यालय, रतिया | 1. Mamta | 220641154 30201 | Mamta |
| | | | 2. Mamta Rani | 22064115430081 | Mamta Rani |
| | | | 3. Ekta Rani | 22064115430021 | Ekta Rani |
| G1 10 | 14. | Govt. National P.G. College, Sirsa, Hisar | 1. Kartik | 1221371002869 | Kartik |
| | | | 2. Harpal | 1221371002706 | Harpal |
| | | | 3. Manisha | 1221371002127 | Manisha |

Teacher-in-charge

Dr. Shammi Nagpal
Convener

Principal
Dayanand College.
HISAR

# DAYANAND COLLEGE, HISAR

## State Level Quiz Contest on February 22, 2023

Organised by Departments of Political Science and Public Administration

### Receipt for Prize Money

| Sr. No. | Name of College | Name of Participants | Prize Money | Position | Signature |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | D. N. College, Hisar | 1. Kanika | Rs. 4,100/- | 1st | Sharma |
| | | 2. Bharat | | | Kanika |
| | | 3. Kuldeep | | | Bh. K. |
| 2. | Govt. College, Hisar | 1. Monika | Rs. 3,100/- | 2nd | Monika |
| | | 2. Sushma | | | Sushma |
| | | 3. Kamal | | | Kamal |
| 3. | M.M. P.G. College, Fatehabad | 1. Sejal | Rs. 2,100/- | 3rd | Sakshi |
| | | 2. Anmol | | | Anmol |
| | | 3. Sakshi | | | Sejal |
| 4. | G.C.W., Hisar | 1. Shiksha | Rs. 1,100/- | Consolation | Shiksha |
| | | 2. Khushi | | | Shivani |
| | | 3. Shivani | | | Khushi |

Convener                                                                 Principal

## Office of Principal, Govt. College for Women, Hisar

To
Principal
D.N. College,
Hisar

Memo No. GCW/2023/1367                                        Dated: 21-02-2023

**Subject: State level Quiz Competition** dated 22-02-2023

Kindly refer to subject cited above. Team incharge Dr. V.S. Beniwal shall accompany the following participant students:


| Sr. No. | Name of Students | Class | Roll No. |
|---|---|---|---|
| 1. | Shiksha | BA 3rd | 120045002084 |
| 2. | Khushi | BA 3rd | 120045002063 |
| 3. | Shivani | BA GH 3rd | 120045063037 |

21.2.23
Principal
Govt. College for Women,
Hisar 21-02-23

CC:- Dr. V.S. Beniwal, Assistant Professor, GCW, Hisar

Principal
Dayanand College
HISAR

15. **Two Days Workshop** on **Research Methods and Techniques** was organized by Department of Geography for PG students from **17-18 April, 2023**. First day, resource persons **Dr. Sandeep Kumar (Assistant Professor, IIHS, KU, Kurukshetra),** delivered a lecture on **"Procedure, Guidelines and Carefulness for Writing and Submission of Manuscript".** Second day **Dr. Rashmi Sharma** (Dean of Earth Sciences, HOD, Geography and Associate Professor, Banasthali Vidyapith, Jaipur, Rajasthan) delivered a lecture on "**Basics of Research and Statistical Methods**"**.** There were 45 participants in workshop.









Days Workshop
RESEARCH METHODS AND TECHNIQUES


Principal
Dayanand College.
HISAR




# दयानंद महाविद्यालय में शोध विधि और तकनीक विषय पर कार्यशाला का आयोजन




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 18 अप्रैल :** दयानंद महाविद्यालय के भूगोल विभाग द्वारा स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों के लिए शोध विधि और तकनीक विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए दयानंद महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने कहा कि व्यवसायिक सफलता के लिए विद्यार्थियों के पास शोध के क्षेत्र में विशेष योग्यता का होना अत्यंत आवश्यक है। भूगोल विभाग इस प्रकार की कार्यशाला के आयोजन के लिए बधाई का पात्र है। मुख्य वक्ता कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. संदीप कुमार ने 'प्रोसीजर, गाइडलाइन एंड केयरफुलनेस फॉर राइटिंग एंड सब्मिशन ऑफ मनुस्क्रिप्ट' विषय पर व्याख्यान देते हुए स्कोपस और यूजीसी केयर पत्रिकाओं का परिचय करवाया। उन्होंने शोध पत्र लेखन में ध्यान रखने योग्य बातें, शोध पत्र प्रकाशन, रिसर्च जर्नल के चयन में सावधानियां, प्लेगेरिज्म चेक करने के लिए नवीनतम सॉफ्टवेयर के उपयोग के बारे में बताया। विभागाध्यक्ष डॉ. मंजू शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्यशाला 2 दिन तक चलेगी। प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह व भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. मंजू शर्मा ने मुख्य वक्ता डॉ. संदीप कुमार को पौधा व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। मंच संचालन एमएससी अंतिम वर्ष के विद्यार्थी प्रशांत द्वारा किया गया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. मंजू शर्मा, विकासवीर, सुरेंद्र कुमार, विभा कौशिक, शुभम, सुखबीर, विक्रमजीत, गरिमा, डॉ. मीनाक्षी, डॉ. दीपिका, राखी उपस्थित रहे।

Principal
Dayanand College
HISAR

16. Geographical Association celebrated **Geographical Awareness Week** from **14-19 November, 2022**. In this series, an **Exhibition** related to **Geographical Equipment and Instruments** was inaugurated by former Head of Geography Department **Dr. AS Parmar** on **16th November, 2022**. About 100 students visited the exhibition.










Principal
Dayanand College.
HISAR

# सम्पूर्ण पृथ्वी ही भूगोल विषय के विद्यार्थियों के लिए प्रयोगशाला है: डॉ. सिंह




नभ-छोर न्यूज ⏭ 16 नवंबर

हिसार। दयानन्द महाविद्यालय के भूगोल विभाग के तत्वावधान में आयोजित किए गए भूगोल जागरूकता सप्ताह के तहत प्रथम कड़ी में एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह की उपस्थिति में मुख्य अतिथि और भूतपूर्व भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. अनूप सिंह परमार द्वारा प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण पृथ्वी ही भूगोल विषय के विद्यार्थियों के लिए प्रयोगशाला है और उन्हें इस तरह के आयोजन में उपकरणों और यंत्रों से प्रत्यक्ष रूबरू करवाना उनके ज्ञान में वृद्धि के साथ-साथ विषय विशेष में रूचि जागृत करता है। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों को विभिन्न उपकरणों की प्रयोग विधि के बारे में समझाया। भूगोल विषय की अध्यक्षा और कार्यक्रम की संयोजिका मंजू शर्मा ने बताया कि विद्यार्थियों ने उत्सुकता के साथ प्रदर्शनी का अवलोकन किया और भूगोल के क्षेत्र-कार्य में प्रयुक्त होने वाले विभिन्न यंत्रों के बारे में उपयोगी जानकारी प्राप्त की। इसी कड़ी में विभाग द्वारा शनिवार को मानचित्र बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन में हर सम्भव सहायता के लिए प्राचार्य का धन्यवाद किया। उपकरणों के आकर्षक प्रदर्शन व रख-रखाव में भूगोल समिति के सदस्यों, शिक्षक वर्ग व गैर शिक्षक वर्ग का विशेष योगदान रहा जिसकी विभागाध्यक्षा ने सराहना की। इस मौके पर एमएससी फाईनल वर्ष की छात्राएं पारूल, पूजा, दीक्षू व खुशी ने रंगोली बनाई। इस अवसर पर विभाग के प्राध्यापक विकासवीर, डॉ. सुरेन्द्र कुमार, डॉ. विभा कौशिक, विक्रमजीत सिंह, शुभम, सुखबीर, गरिमा व डॉ. दीपिका उपस्थित रहे।

17. In the series of Geographical Awareness Week celebration, a **Map Drawing Competition** was organized by Geographical Association on **19th November, 2022**. There were about **30 participants** in this competition.





कार्यक्रम — दयानंद महाविद्यालय में भूगोल जागरूकता सप्ताह मनाया, विजेताओं को किया सम्मानित

# मानचित्र स्पर्धा में एमएससी प्रथम वर्ष की प्रेरणा रही प्रथम

माई सिटी रिपोर्टर

**हिसार।** दयानंद महाविद्यालय के भूगोल विभाग के तत्वावधान में भूगोल जागरूकता सप्ताह की शृंखला में मानचित्र बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भूगोल विभाग की अध्यक्षा प्रो. मंजू शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में एमएससी प्रथम वर्ष की छात्रा प्रेरणा ने प्रथम स्थान पाया। एमएससी फाइनल की छात्रा पारूल ने द्वितीय व बीए प्रथम वर्ष की छात्रा खुशी ने तृतीय स्थान पाया।

एमएससी प्रथम वर्ष की छात्रा अल्का ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए विभाग को बधाई दी। उन्होंने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार स्वरूप नकद राशि व प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका भूगोल विभाग के प्राध्यापक विकास वीर व पर्यावरण अध्ययन विभाग की प्राध्यापिका डॉ. मीनाक्षी आर्य ने निभाई।



दयानंद कॉलेज में विजेता छात्रा को सम्मानित करते प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह। संवाद

**पूर्वानुमान केंद्र का निरीक्षण किया :** हिसार। दयानंद महाविद्यालय हिसार के कंप्यूटर साइंस विभाग के विद्यार्थियों ने भारत सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केन्द्र (एनसीएमआरडब्ल्यूएफ), सेक्टर-62, नोएडा का औद्योगिक दौरा किया। विद्यार्थी मौसम पूर्वानुमान में उपयोग में लाए जाने वाले सुपर कंप्यूटर की कार्यशैली से परिचित हुए।

## बायोरंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

दयानंद महाविद्यालय के वनस्पति विभाग की 'वनस्पति समिति' के तत्वावधान में 'बायोरंगोली' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि विजेताओं को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। वनस्पति समिति की इंचार्ज डॉ. छवि मंगला ने कार्यक्रम में उपस्थित प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह, निर्णायक मंडल के सदस्यों, विभागाध्यक्ष, शिक्षक वर्ग, गैर-शिक्षक वर्ग और सभी छात्रों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. आदित्य कुमार, डॉ. हेमंत शर्मा, प्रीति, अंजू सहित अन्य उपस्थित रहे।

# प्रतियोगिता में प्रेरणा ने बनाया श्रेष्ठ मानचित्र



नभ-छोर न्यूज ▶▶| 19 नवंबर

**हिसार।** दयानन्द महाविद्यालय के भूगोल विभाग के तत्वावधान में भूगोल जागरूकता सप्ताह की श्रृंखला में मानचित्र बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की संयोजिका और भूगोल विभाग की अध्यक्षा प्रो. मंजू शर्मा के अनुसार मानचित्र के बिना भूगोल विषय को समझने की कल्पना भी नहीं की जा सकती। इसलिए विद्यार्थियों में मानचित्र-कला का विकास करने व अध्ययन में रूचि बढ़ाने के लिए इस तरह की प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता में स्नातक व स्नातकोत्तर स्तर के 27 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और अपने हुनर का लोहा मनवाया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए विभाग को बधाई दी। उन्होंने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार स्वरूप नकद राशि व प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में निर्णायक मण्डल की भूमिका भूगोल विभाग के प्राध्यापक विकास वीर व पर्यावरण अध्ययन विभाग की प्राध्यापिका डॉ. मीनाक्षी आर्य ने निभाई। अंत में विभागाध्यक्षा प्रो. मंजू शर्मा ने उद्देश्यपूर्ण आयोजन में हर सम्भव सहायता के लिए प्राचार्य, सहयोगी प्राध्यापकों व भूगोल समिति के सदस्यों का आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता में एमएससी प्रथम वर्ष की छात्रा प्रेरणा ने प्रथम स्थान, एमएससी फाईन वर्ष की छात्रा पारूल ने द्वितीय स्थान तथा बीए प्रथम वर्ष की छात्रा खुशी ने तृतीय स्थान हासिल किया व एमएससी प्रथम वर्ष की छात्रा अल्का ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

Principal
Dayanand College.
HISAR

18. Debating Society of Dayanand College, Hisar organized Intra College Declamation on September 27, 2022.






Principal
Dayanand College.
HISAR

# दयानंद महाविद्यालय में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन




**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** दयानन्द महाविद्यालय, हिसार के पुस्तकालय के वाचनालय कक्ष में वाद-विवाद समिति (डिबेटिंग सोसायटी) के सौजन्य से भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ करते हुए समिति की संयोजिका डॉ. शम्मी नागपाल ने बताया कि प्रतिस्पर्धा में विभिन्न संकायों के 26 छात्र-छात्राओं ने वैश्विक तापन, महिला सशक्तिकरण, ऑनलाईन शिक्षा के मानसिक प्रभाव और डिजीटल इंडिया विषयों पर अपने विचार व्यक्ति किए। विज्ञान संकाय द्वितीय वर्ष की देवयांशी ने प्रथम, वाणिज्य संकाय तृतीय वर्ष की भावना द्वितीय और कला संकाय तृतीय वर्ष के पवनीत तृतीय स्थान पर रहे। प्रियंका, विधि और मयंक शर्मा को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने विजेताओं को प्रोत्साहन स्वरूप नकद राशि और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों को उनकी अपनी विशिष्ट प्रतिभा से परिचित कराने के लिए मंच प्रदान करते हैं। इसलिए सभी को इनमें भाग लेना चाहिए। मंच संचालन डिबेटिंग सोसायटी के प्रधान छात्र अभिनीत ने किया। डॉ. शम्मी नागपाल, डॉ. छवि मंगला और डॉ. वलेरिया सेठी ने निर्णायकों की भूमिका निभाई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. मोनिका कक्कड़, डॉ. सुरेन्द्र कुमार, डॉ. हेमन्त शर्मा, डॉ. नीरू बाला, चेतन शर्मा और मंजू शर्मा और समिति के सदस्यों का योगदान रहा।

Principal
Dayanand College
HISAR

19. Legal Lieracy Cell and Women Cell of Dayanand College, Hisar organized an extension lecture on Legal Rights of Women on May 17, 2022.



# डीएन कालेज में 'महिलाओं के कानूनी अधिकार' विषय पर व्याख्यान आयोजित

**पाठकपक्ष न्यूज**

हिसार, 17 मई : दयानन्द महाविद्यालय, हिसार के रीडिंग हॉल में विधिक जागरूकता समीति और महिला प्रकोष्ठ इकाई के संयुक्त तत्वाधान में "महिलाओं के कानूनी अधिकार" विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने मुख्यवक्ता श्री विक्रम मित्तल का अभिवादन किया और आयोजनकताओं को शुभकामनाएं दी। समारोह की अगली कड़ी में विधिक जागरूकता समीति की संयोजिका डॉ. शम्मी नागपाल ने उपस्थित सम्मानित जनों का आभार और विद्यार्थियों की प्रशंसा की। अपने व्याख्यान में श्री विक्रम मित्तल, वकील, न्यायालय हिसार ने महिलाओं को संविधान द्वारा प्राप्त



अधिकारों के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि भारत का संविधान महिलाओं की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। घर से लेकर कार्यस्थल तक किसी भी प्रकार की शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न के लिए महिलाएं न्यायालय का दरवाजा खटखटा सकती हैं। इसके अलावा वे अपने अधिकारों का प्रगति और विकास के लिए भी उपयोग कर सकती हैं। धन्यवाद प्रस्ताव देते हुए महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ. सुरूचि शर्मा ने कहा समाज की सही मायनों में उन्नति तभी हो सकती है जब महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हों और उनका प्रयोग करें। इस अवसर पर मंच संचालन डॉ. संगीता मलिक ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. वलेरिया सेठी, डॉ. रेनू राठी, डॉ. सुरेन्द्र गुनपाल, डॉ. मीनाक्षी, सुरजीत कौर, सुरेश कुमार, मनजीत सिंह, डॉ. गीता बिन्दल, डॉ. नीरू बाला, मंजू शर्मा और दोनों इकाइयों के सभी सदस्यों की महत्वपूर्ण भू

Principal
Dayanand College
HISAR

20. **Three Days Workshop** on **Research Methods and Techniques** was organized by Department of Geography for PG students with resource persons **Dr. Lalit Sharma (Assistant Professor, GJU & ST, Hisar), Dr. Anurag** (Assistant Scientist, HAU, Hisar), and Ms. **Manju Sharma** (Assistant Professor, DN College, Hisar) from **10-12 May, 2022.**

















21. Women Cell of Dayanand College, Hisar organized Workshop on Self-Defence by using "Durga-Shakti App" 7th August 2019.



Principal
Dayanand College
HISAR



धर्म . समाज . संस्था . सिटी स्पोर्ट्स

अवेयरनेस : डीएन कॉलेज में दुर्गा शक्ति टीम ने स्टूडेंट्स को जागरूक किया, गायत्री पब्लिक स्कूल में प्रशिक्षण शिविर लगाया

# बेटियों ने सेल्फ डिफेंस में मनचलों को मुंहतोड़ जवाब देने के जानें तरीके

भास्कर न्यूज़ | हिसार

दिन-प्रतिदिन महिलाओं के साथ बढ़ रहे अपराधों पर रोक लगाने के लिए बनाई दुर्गा शक्ति टीम महिलाओं को भय से मुक्ति दिलाएगी और उनकी सुरक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहेगी। महिलाओं को दुर्गा शक्ति एप के माध्यम से इसका अधिक फायदा उठाना चाहिए। यह बात दुर्गा शक्ति रैपिड एक्शन फोर्स प्रभारी इंस्पेक्टर सरोज ने गुरुवार को अपनी टीम के साथ दयानंद कॉलेज हिसार में छात्राओं को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि लड़कियों को समाज में महिला विरुद्ध अपराधों के खिलाफ स्वयं ही आगे आना होगा, इसके लिए दुर्गा शक्ति टीम भी उनका सहयोग करेगी। उन्होंने छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर भी सिखाते हुए कहा कि ये गुर उनकी विषम परिस्थितियों में शरारती तत्वों का सामना करने के लिए सहायक होंगे। उन्होंने छात्राओं को अपने खानपान का विशेष ध्यान रखने और अपने आप को मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत होने की भी अपील की। इस दौरान महाविद्यालय में स्टाफ सदस्यों और विद्यार्थियों को दुर्गा शक्ति टीम ने एप डाउनलोड करवाकर उसके प्रयोग की जानकारी भी दी। इसके अतिरिक्त नशा मुक्ति मुहिम के तहत छात्र-छात्राओं से नशा से दूर रहने की अपील करते हुए उनके आसपास में ऐसी गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए पुलिस का सहयोग करने का आह्वान किया।

छात्राओं को संबोधित करते हुए दुर्गा शक्ति टीम प्रभारी इंस्पेक्टर सरोज। कार्यक्रम में प्रिंसिपल डॉ. सुमन, डॉ. श्रुश्री, डॉ. रेणु, डॉ. नीरू, डॉ. एमएल गर्ग, डॉ. विक्रमजीत सहित स्टाफ सदस्य व दुर्गा शक्ति टीम सदस्य मौजूद रहे।

## सेल्फ डिफेंस कैंप से बढ़ता है छात्राओं में आत्मविश्वास


गुरुवार को गायत्री पब्लिक स्कूल में आत्मरक्षा के गुर सीखतीं छात्राएं।

हिसार | सेल्फ डिफेंस एसोसिएशन ऑफ हरियाणा और सेल्फ डिफेंस एसोसिएशन ऑफ इंडिया की ओर से महावीर कॉलोनी स्थित गायत्री पब्लिक स्कूल में जारी चार दिवसीय सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग कैंप गुरुवार को संपन्न हुआ। कैंप के समापन पर सेल्फ डिफेंस के बारे में जानकारी दी। कैंप कॉर्डिनेटर नीरज वर्मा ने बताया कि राह ग्रुप के सहयोग से चलाए जा

में ट्रेनिंग कैंप लगाए जा रहे हैं, जिनमें छात्राओं को सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग दी जा रही है, ताकि वे किसी भी आपात स्थिति में अपनी रक्षा करते हुए किसी भी असामाजिक तत्व को मुंह तोड़ जवाब दे सकें। उन्होंने बताया कि अगस्त माह में जिला स्तरीय सेल्फ डिफेंस कैंप का भी लगाया जाएगा। इस शिविर के दौरान कैंप इंचार्ज राधेश्याम, कोच सोन भम्भक

22. Women Cell of Dayanand College, Hisar organized Mehandi Competition was organized on 15th October 2019.



23. Women Cell of Dayanand College, Hisar organized "International Women's Day" on 8th March 2021



# बेहतर समाज के निर्माण के लिए महिलाओं की बराबरी जरूरी–डॉ. सत्या सावंत



**पाठकपक्ष न्यूज**

हिसार, 9 मार्च : दयानंद महाविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ एवं शारीरिक शिक्षा विभाग की तरफ से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह, डॉ. अनुप परमार व वरिष्ठ प्राध्यापकों ने पुष्पगुच्छ भेंट करमुख्य अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए स्वचालित सैनेटरी नैपकिन वैंडिंग मशीन का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. सत्या सांवत व विशिष्ट अतिथि शोभा चहल ने कहा कि बेहतर समाज के निर्माण के लिए महिलाओं की बराबरी जरूरी है। डॉ. सुरूचि शर्मा ने मुख्य वक्ताओं का परिचय दिया व महिला दिवस के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महिलाएं इस सृष्टि की सृजनकर्ता हैं, उन्हीं से दुनिया खूबसूरत है। महिला प्रकोष्ठ की सह संयोजिका डॉ. रेनू राठी के अलावाडॉ. मोनिका कक्कड़, अरूणा कद, डॉ. गीता रानी, डॉ. वलेरिया सेठी, सुरजीत कौर, मंजू शर्मा, डॉ. नीरू बाला, डॉ. संगीता मलिक, डॉ. शम्मी नागपाल, डॉ. अर्चना मलिक, डॉ. सुनीता लेगा, मीनाक्षी चौहान, डॉ. शर्मिला उपस्थित रहीं व पूरे कार्यक्रम को सुनियोजित तरीके से संचालित किया। मंच संचालन डॉ. छवि मंगला ने किया। डॉ. गीता बिंदल ने सभी वक्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया।

Principal
Dayanand College
HISAR

24. Women Cell of Dayanand College, Hisar run Plantation Drive by Women Cell in collaboration with NSS and NCC units on 7th September 2021.






Principal
Dayanand College
HISAR

24. Women Cell of Dayanand College, Hisar organized a Health Checkup Camp of Female Staff on 8th March 2022






## डीएन कॉलेज में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

हिसार/ 08 मार्च/ रिपोर्टर

दयानन्द महाविद्यालय की एनएसएस यूनिट तथा महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में महिलाओं के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें गोबिन्द नर्सिंग होम से इन्दराज, सुनील कुमारी तथा प्रवीन कुमार की टीम ने महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महिलाएं परिवार की आधारशिला हैं और महिलाओं को शिक्षित एवं स्वस्थ होना चाहिए। शिक्षित एवं स्वस्थ महिला ही अपने दायित्व का निर्वहन मजबूती से कर सकती है। इस मौके पर एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. सुनीता लेगा व डॉ. शर्मिला गुणपाल तथा महिला प्रकोष्ठ के अधिकारी डॉ. सुरूचि शर्मा, डॉ. रेनू राठी, डॉ. गीता बिन्दल, अरूणा कद, सुरजीत कौर, डॉ. वलैरिया सेठी, डॉ. संगीता मलिक, डॉ. नीरू बाला, मंजू शर्मा, डॉ. छवि मंगला आदि की सक्रिय भागीदारी रही।

25. Women Cell in collaboration of Psychological Counselling Cell of Dayanand College, Hisar organized a Mental Health Camp in Girls Hostel from 18– 22 May 2022.











Principal
Dayanand College.
HISAR

# एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है: डॉ. मंजु खुराना

**पाठकपक्ष न्यूज**




हिसार, 22 मई : स्थानीय दयानन्द महाविद्यालय के मनोविज्ञान विभागके सायक्लोजिकल काउंसलिंग सैल तथा वूमैन सैल द्वारा संयुक्त रूप से महाविद्यालय के महिला छात्रावास में चल रहे पांच दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य कैंप के पांचवें व अन्तिम दिन स्थानीय गोविन्द नर्सिंग होम की स्त्री रोग विशेषज्ञा डॉ. मंजु खुराना, मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुई। उन्होंने छात्राओं को अनियमित माहवारी के कारण तथा माहवारी के दौरान अपने स्वास्थ्य, साफ सफाई तथा अपनी स्वच्छता के बारे में ध्यान रखने बारे जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस उम्र में यह सबसे बड़ी समस्या होती है तथा कई तरह की बिमारियों को कारण होती है। यह सभी बिमारियां मनुष्य में मानसिक तनाव का सबसे बड़ा तथा मुख्य कारण होती है। महाविद्यालय की बहुत सारी लड़कियों ने अपनी शारीरिक बिमारियों को बारे में डाक्टर साहिबा को बताया तथा उनसे सलाह तथा निदान की जानकारी हासिल की। डॉ. खुराना ने बताया कि एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है इसलिए मनुष्य को शरीरिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए तथा समय-समय पर अपने स्वास्थ्य की जांच करवाते रहना चाहिए तथा अपने शारीरिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने अपने सम्बोधन में छात्राओ को बताया कि उन्हें दैहिक, मानसिक तथा सामाजिक रूप् से स्वस्थ रहना चाहिए तथा उन्होंने स्वास्थ्य तथा स्वच्छता की महता तथा देखभाल करने बारे अपने विचार सांझा किए। उन्होंने पांच दिवसीय शिविर के सफल आयोजन पर महाविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग तथा वुमैन सैल के प्रभारी प्राध्यापकों का धन्यवाद दिया। शिविर के समापन पर मनोविज्ञान की अध्यक्षा अरूणा कद ने मुख्य वक्ता तथा मुख्यअतिथि डॉ. मंजू खुराना तथा प्राचार्य महोदय का धन्यवाद किया। इस अवसर पर मनोविज्ञान से प्राध्यापिका डॉ. रेणु राठी, शर्मीला गुणपाल तथा वूमैन सैल की प्रभारी प्राध्यापिका डॉ. सुरूचि शर्मा की उपस्थित थी।

26. Women Cell of Dayanand College, Hisar received a Sanitary Pad Disposal Machine to Girls Hostel 23rd 2022 Donated Rotary Club Hisar.




Principal
Dayanand College.
HISAR

# रोटरी कल्ब हिसार ने डीएन कालेज महिला छात्रावास को भेंट की सैनीटरी पैड डिस्पोजल मशीन



**पाठकपक्ष न्यूज**

हिसार, 24 जून : रोटरी कल्ब, हिसार ने प्रयोग किए हुए सैनीटरी पैड्स के निपटान के लिए स्थानीय दयानन्द महाविद्यालय, हिसार के महिला छात्रावास में इस्तेमाल करने के लिए सैनीटरी पैड डिस्पोजल मशीन भेंट की। इस अवसर पर में रोटरी कल्ब, हिसार के प्रोजेक्ट चेयरमैन श्री कुलदीप खेड़ा ने बताया कि यह मशीन इस्तेमाल किए हुए सैनीटरी पैड को जला कर नष्ट कर देती है। इस मशीन के लगने से प्रयोग किए हुए सैनीटरी पैड को इधर–उधर फैंकने की समस्या नहीं रहेगी तथा पर्यावरण पर भी इसका दुष्प्रभाव नहीं पड़ेगा। क्योंकि इस तरह के कचरे के सीवरेज लाईन में फंसने से सीवर जाम की समस्या बन जाती है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने बताया कि समय की जरूरत तथा लड़कियों की स्वच्छता के मध्यनजर महाविद्यालय प्रशासन ने भी छात्रावास में सैनीटरी पैड वैन्डिंग मशीन लगाई है। इस अवसर पर रोटरी कल्ब, हिसार के को–प्रोजेक्ट चेयरमैन रोटेरियन श्री नवीन साहनी, प्रेजीडेंट श्री संजय ठकराल, सचिव श्री सुनील मलिक, आगामी अध्यक्ष श्री रवि महता, श्री राकेश महता, प्रो. हरीश जुनेजा, प्रो. पी.पी. तनेजा के अतिरिक्त महाविद्यालय के प्राध्यापकगण श्रीमती अरूणा कद, डॉ. गीता रानी, डॉ. रेनू राठी, वुमैन सैल की कन्वीनीर डॉ. सुरूची शर्मा, डॉ. अर्चना मलिक, श्रीमती सुरजीत कौर, डॉ. शर्मिला गुनपाल, डॉ. मीनाक्षी चौहान, श्रीमती मंजू शर्मा, श्रीमती सुषमा उपस्थित रहे।

27. Women Cell of Dayanand College, Hisar organized a Seminar on Women Cancer Awareness 18th November 2022.



Principal
Dayanand College
HISAR

# दयानन्द महाविद्यालय में कैंसर जागरूकता विषय पर व्याख्यान व स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**अमेरिकन ऑन्कोलॉजी इंस्टीट्यूट सर्वोदय मल्टीस्पेशिलिटी अस्पताल का रहा विशेष सहयोग**



**पाठकपक्ष न्यूज**

हिसार, 18 नवम्बर : दयानन्द महाविद्यालय, हिसार के महिला प्रकोष्ठ द्वारा कैंसर जागरूकता विषय पर व्याख्यान व स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ. सुरूचि शर्मा तथा सह-संयोजिका डॉ. रेनू राठी ने बताया कि व्याख्यान का मुख्य विषय "महिलाओं में कैंसर और जागरूकता" था जिसके तहत अमेरिकन ऑन्कोलॉजी इंस्टीट्यूट सर्वोदय मल्टीस्पेशिलिटी अस्पताल, हिसार के प्रसिद्ध कैंसर विशेषज्ञ डॉ. सुजाता सिंगला (कंसलटेंट ब्रेस्ट ओनकोलॉजी), डॉ. सुमित अग्रवाल (सीनियर कंसलटेंट रेडिएशन ओनकोलॉजी) तथा कपिल कुकड़ेजा (मैडिकल आफिसर) को विशेष तौर पर आमन्त्रित किया गया। अपने सम्बोधन में उन्होंने बताया कि महिलाओं को होने वाले कैंसर की अगर प्रारम्भिक अवस्था में पहचान कर ली जाए तो उससे होने वाले गम्भीर परिणामों से बचा जा सकता है। इसलिए जरूरी है कि प्रत्येक महिला को इसके लक्षणों की पहचान हो ताकि देरी किए बिना चिकित्सा-परामर्श लिया जा सके। डॉक्टरों की टीम द्वारा इस सम्बन्ध में छात्राओं और महिला कर्मचारियों स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। उन्होंने छात्राओं से विचार-विमर्श के दौरान उनकी शंकाओं का समाधान किया तथा भ्रांतियों को दूर किया। उन्होंने न्यूनतम हानिकारक प्रभावों वाली वर्तमान में प्रचलित कैंसर उपचार की पद्धति इम्यूनो थेरेपी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने इतनी गम्भीर बीमारी से सम्बन्धित अहम् जानकारी प्रदान करने और सहज तरीके से इसके लक्षणों की पहचान करने सम्बन्धी शिक्षा के लिए उपस्थित स्वास्थ्य विशेषज्ञों का आभार प्रकट किया। उन्होंने सफल आयोजन के लिए प्रकोष्ठ के सदस्यों को बधाई दी। आमन्त्रित मुख्य वक्ताओं को स्मृति चिन्ह् व पौधे भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. छवि मंगला ने किया। इस अवसर पर प्रकोष्ठ के सभी सदस्य तथा बहुत सारी छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंत में डॉ. गीता रानी, एसोसिएट प्रोफेसर, अंग्रेजी विभाग ने महिला प्रेकोष्ठ की तरफ से मुख्य वक्ता, प्राचार्य महोदय व छात्राओं का आभार प्रकट किया।




28. **Debating Society of Dayanand College, Hisar organised a "VOW DAV National Debate Championship** (Preliminary Round for North Zone)" on **12 October, 2020**

# दयानंद कालेज को मिली नैशनल डिबेट नार्थ जोन के आयोजन की जिम्मेदारी- डॉ. विक्रमजीत

**पाठकपक्ष न्यूज**

हिसार, 11 अक्टूबर : डी.ए.वी. कॉलेज प्रबन्धक समिति, नई दिल्ली द्वारा ऑनलाईन VoW DAV नैशनल डिबेट चैम्पियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। जोन वाइज प्रीलीमिनरी राउंड का आयोजन 12 अक्टूबर को किया जा रहा है। उसके पश्चात राष्ट्रीय क्वार्टर फाइनल 29 अक्टूबर को तथा सेमीफाइनल 8 नम्बर को आयोजित किया जाएगा। फाइनल राउंड 22 नवम्बर को आयोजित किया जाएगा। स्थानीय दयानन्द महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने बताया कि डी.ए.वी. प्रबन्धक समिति ने उत्तर जोन डिबेट के ऑनलाइन आयोजन की जिम्मेदारी स्थानीय दयानन्द महाविद्यालय को दी है। इस चैम्पियनशिप में हरियाणा, पंजाब, दिल्ली तथा हिमाचल प्रदेश के विभिन्न 14 डी.ए.वी. महाविद्यालयों के 48 प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। उत्तर जोन के प्रीलीमिनरी राउंड का आयोजन दयानन्द महाविद्यालय द्वारा 12 अक्टूबर को किया जाएगा। इस चैम्पियनशिप में साहित्य अकादमी अवॉर्ड विजेता एवं वरिष्ठ पत्रकार कमलेश भारतीय, फिल्म निर्मात्री एवं लेखिका डॉ. मिहिर रंजन पात्रा, एसोसिएट प्रोफेसर, डिपॉर्टमेंट ऑफ सी.एम.टी., गुरू जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार तथा अंग्रेजी साहित्य की साहित्यकार तथा लेखिका डॉ. अपर्णा, भाषा एवं हरियाणवी संस्कृती विभाग, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार निर्णायकों की भूमिका निभाएंगे। महाविद्यालय की डिबेटिंग सोसायटी कन्वीनर डॉ. शम्मी नागपाल ने बताया कि 12 अक्टूबर को होने वाले ऑनलाइन डिबेट के आयोजन के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।






29. Debating Society of Dayanand College, Hisar organized a Six Days Online Training Workshop on Communication Skills on 24-29 June, 2020.



| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Six Days Online **Training Workshop (24-29 June, 2020** | **Communication Skills** | 488 | - | 1. **Prof Rajneesh** Arora, Lukhnow<br>2. **Prof Deepti Dharmani**, CDLU, Sirsa<br>3. **Dr. Aprana**, CCSHAU, Hisar<br>4. Dr. Yashu Rai Tayal, Dr.Geeta Rani, Dr. Monika Kakkar, Dr. Sammy Nagpal (DN College, Hisar) |
| 2. | **VOW DAV National Debate Championship** (Preliminary Round for North Zone) **12 October, 2020** | **Media Trials Violate The Fundamental Rights Of The Accused** | 42 participants (14 Colleges) | 1.**Antim** (DN College, Hisar<br>2. **Noor** (DAV Centenary College, Faridabad<br>3.**Sandhya** (Gopi Chand Arya Mahila Mahvidyala, Abohar<br>4.**Megha** (Gopi Chand Arya Mahila Mahvidyala, Abohar<br>5. **Saniya Sehgal** (Mehr Chand Mahajan DAV College, Chandigarh<br>6.**Khush Dembla** (Hansraj College, Delhi | 1. **Dr. Mihir Ranjan Patra** Associate Professor Department of CMT, GJU&ST, Hisar<br>2. **Dr. Aprana** Department of Language& Haryanvi Culture, College of Basic Science& Humanities, CCSHAU, Hisar<br>3. **Kamlesh Bhartiya**, Haryana Granth Acadami, Panchkula. |

30. NSS Units organized a Poster making Competition on National Youth Day on January, 12th 2021.

## पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में डीएन कॉलेज की विधी रही प्रथम




कार्यक्रम में शामिल प्रिंसिपल डॉ. विक्रमजीत।

हिसार| राष्ट्रीय युवा दिवस और स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर दयानंद महाविद्यालय की एनएसएस इकाई ने महात्मा हंसराज हॉल में स्वास्थ्य और पर्यावरण विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता और युवाओं की राष्ट्रीय जिम्मेदारी विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने छात्रों के साथ अपने विचार सांझा किए। नरेंद्र सोनी, सहायक प्रोफेसर जनसंचार विभाग ने पत्रकारिता में युवा शीर्षक से एक व्याख्यान भी दिया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में बीएससी प्रथम वर्ष की विधी ने पहला, बीए द्वितीय वर्ष के अंकुश ने दूसरा तथा बीकॉम प्रथम वर्ष की प्रियंका मित्तल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।



31. NSS unit organized an awareness programme in collaboration with RTA Department of Hisar on 23.01.2021.




# डीएन कॉलेज में कैडेटस ने आकर्षक रंगोली बनाकर दिया सड़क सुरक्षा का संदेश



**पाठकपक्ष न्यूज**

हिसार, 25 जनवरी : 'सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा यह है हिसार वासियों का संकल्प' विषय पर शनिवार को आर.टी.ए कार्यालय की ओर से दयानंद कॉलेज में व्यापक संगोष्ठी, सेमिनार, भाषण, चिन्तन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह आर.टी.ए कार्यालय के सचिव और दयानन्द कॉलेज के एन.एस.एस, एन.सी.सी विंग के सामंजस्य से किया गया। इसमें मुख्य वक्ता के तौर पर आर.टी.ए सचिव डॉ. सुनील कुमार मौजूद थे और मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त आयकर आयुक्त पी.के शर्मा ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत में एन.एस.एस, एन.सी.सी विंग के कैडेटस ने सड़क सुरक्षा संबंधी आकर्षक रंगोलियां बनाई। इसके बाद सेमिनार में कहा गया कि बढ़ते हुए औद्योगिकरण, बढ़ते रोड का नेटवर्क के साथ जैसे विकास की धारा बढ़ रही है वैसे ही सड़क दुर्घटनाओं का नकारात्मक असर उसके दुष्प्रभाव के रूप में आ रहा है। शाम को 6 से 10 बजे के बीच में शराब पीकर अत्याधिक उत्तेजित होकर गाड़ी चलाने से भी दुर्घटनाएं होती हैं और अगर विभिन्न आयु समूहों का आंकलन किया जाए तो 18 से 35 साल के युवा की सड़क दुर्घटना होने की ज्यादा संभावना रहती है। कार्यक्रम में आयकर आयुक्त और डी.एन. कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत और युवकों ने विकास हरियाणवी के द्वारा गाई रागणी की सी.डी का भी विमोचन किया। इस रागणी के मुख्य बोल जैसे एक बात बतायुं यार मैं जब भी बैठो कार में मत ना चलो रफ्तार में ये संदेश हमारा है, इस रागणी की सी.डी, डी.वी.डी विभिन्न प्रतिभागियों, पदाधिकारियों को प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त आयकर आयुक्त ने भी गीता और रामायण के दोहों से प्राचीन काल और आधुनिक काल में उतावलापन और अनुशासनहीनता के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर प्रकाश डाला। एचसीएस रिटायर्ड बीर सिंह ने विद्यार्थियों को उदाहरण देकर सड़क दुर्घटनाओं से बचने के तरीके बताए। इसके अलावा आर.टी.ए सचिव ने दुर्घटना के बाद के गोल्डन हावर की महत्ता, गुड सम्राट इन लॉ और फर्स्ट एड के बारे में भी विचार विमर्श किया।

एन.एस.एस/एन.सी.सी विंग के बच्चों ने इस दौरान सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित कविता सुनाई। इस दौरान दयानंद कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत ने अपने भाषण में कहा कि सड़क सुरक्षा को स्कूली पाठयक्रम में अपनाना अत्यंत जरूरी है। उन्होंने आर.टी.ए सचिव का धन्यवाद किया और सड़क सुरक्षा जागरूकता का इतना व्यापक कार्यक्रम कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए किया व भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम लगातार अंतराल पर करने का आग्रह किया। इसके अतिरिक्त गत वर्ष 15 से 25 दिसम्बर को हिसार जिले के विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने पेंटिंग, निबंध कम्पीटीशन में भाग लिया था उन्हें इसी कार्यक्रम के दौरान और प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्रास करने वाले बच्चों को आयकर आयुक्त, सचिव, आर.टी.ए व अन्य पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया। पांचवीं से 8वीं क्लॉस पेंटिंग, निबंध, क्विज




प्रतियोगिता सैक्शन में ओ.पी. जिन्दल स्कूल की अवनि लोहिया ने पहला स्थान, मानवी को दूसरा स्थान और आर्यन को तीसरा स्थान मिला। इसके अलावा नौवीं से 12वीं कक्षा प्रतियोगिता सैक्शन में फ्रांसिस जेवीयर स्कूल के विनय को प्रथम, सौरभी को द्वितीय जबकि स्माल वण्डर की नैंसी को तृतीय स्थान मिला। सभी बच्चों को आकर्षक पुरस्कार दिए गए। बच्चों ने कार्यक्रम के अंत में उपस्थित पदाधिकारियों/युवाओं को सड़क सुरक्षा शपथ दिलवाई। कार्यक्रम के दौरान आर.टी.ए कार्यालय से चरणजीत, सहायक सचिव, राजेश, मोटर वाहन अधिकारी, कुलदीप, परिवहन निरीक्षक, आनन्द, परिवहन उप निरीक्षक, ललित कुमार, परिवहन उप निरीक्षक, धर्मवीर, परिवहन उप निरीक्षक, यश वर्मा आदि तथा डी.एन कॉलेज की ओर से डा. अनूप परमार, डॉ. विवेक श्रीवास्तव, एन.एस.एस अधिकारी सुरेन्द्र बिश्नोई, शर्मिला गुनपाल, सुरेश यादव, डॉ. आदित्य, डॉ. नीरू उपस्थित थे।

Principal
Dayanand College.
HISAR

32. NSS unit organized First Aid and Hoe Nursing Training and Awareness about Drug on 24-30 February, 2019.
33. Department of Extra mural Activities organized a Mendi, Rangoli, Poster, painting competition under Talent Hunt in the college on October, 2019







Principal

Principal
Dayanand College.
HISAR